दिनांकः 29.07.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए इसे विजयोत्सव बतायां
- गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में जानकारी दी–पहलगाम हमले के आतंकी सेना के साझा अभियान में ढेरं
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा कीं
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा–शिक्षा का उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना और जनहित होना चाहिएं
- प्रदेश में तेज बारिश के दौर को देखते हुए मौसम विभाग की लोगों से नदियों के बहाव क्षेत्र से दूर रहने की अपीलं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को विजयोत्सव बताते हुए इसे 140 करोड़ नागरिकों की इच्छा शक्ति का प्रतीक कहा हैं श्री मोदी लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे हैं प्रधानमंत्री ने देशवासियों का आभार जताते हुए कहा कि संसद का ये सत्र विजयोत्सव का सत्र है, भारत के गौरवगान का सत्र हैं

...............

गृहमंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव पर जानकारी देते हुए बताया कि सेना ने पहलगाम हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को मार गिराया हैं श्री शाह ने लोकसभा में विशेष चर्चा के दौरान बताया कि इन आतंकवादियों के पास से तीन राइफलें जब्त की गईं, जिनका इस्तेमाल आतंकी हमले में किया गया थां श्री शाह ने बताया कि सुलेमान शाह, जिबरान और हमज़ा अफग़ानी नाम के इन आतंकियों का सफाया कर दिया गया हैं उन्होंने कहा कि खुफिया एजेंसियों के पास उनकी भूमिका के पर्याप्त सबूत हैं

...............

गृह मंत्री ने कहा कि जाँच टीम ने पीड़ितों के परिवारों, पर्यटकों, टट्टू संचालकों, फोटोग्राफरों और स्थानीय निवासियों से संपर्क कियां इसके बाद मिली जानकारी के आधार पर उन्होंने आगे की कार्रवाई को अंजाम दियां

वहीं राज्यसभा में भी आज ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा शुरू हुई रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चर्चा की शुरुआत करते हुए जम्मू–कश्मीर में तीन आतंकवादियों को मार गिराने के लिए भारतीय सेना और सुरक्षा बलों को बधाई दीं श्री सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए देश ने पूरी दुनिया को संदेश दिया है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार हैं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कीं इस दौरान दोनों के बीच राजस्थान के विकास से जुड़े विषयों पर बातचीत हुई मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से राज्य में चल रही विकास परियोजनाओं, निवेश की संभावनाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर चर्चा हुईं उन्होंने कहा कि राज्य सरकार "डबल इंजन" की शक्ति के साथ हर वर्ग किसान, युवा, महिला, गरीब और वंचित के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ने राजस्थान को और अधिक सहयोग देने का आश्वासन दिया हैं

000

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के आज पांच वर्ष पूरे हो गये हैं नई शिक्षा नीति ने भविष्य की जरूरतों के अनुसार शिक्षा प्रणाली को अधिक समावेशी और विद्यार्थी–केंद्रित बनाने की नींव रखी हैं आज नई दिल्ली में अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2025 को संबोधित करते हुए केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि आने वाले समय में इस नीति से भारतीय शिक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव आएगां

...............

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने पाली में बने पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय के नए भवन का आज वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन कियां वहीं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कार्यक्रम स्थल पर शिला पट्टिका का अनावरण कियां नई शिक्षा नीति की वर्षगांठ पर आज आकाशवाणी जयपुर के समाचार विभाग की ओर से रात सवा आठ बजे विशेष कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगां

000

चूरू जिले के शिक्षक दिनेश ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात कर नई शिक्षा नीति के बारे में चर्चा कीं श्री दिनेश नुंवा गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कम्प्यूटर शिक्षक के रूप में काम कर रहे हैं उन्होंने इस क्षेत्र में कई नवाचार किये हैं शिक्षा मंत्रालय की ओर से इस भेंट के लिए उन्हें आमंत्रित किया गया थां

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि शिक्षा का उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना होना चाहिएं श्री बागड़े ने आज भरतपुर में महाराजा सूरजमल ब्रज विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कियां उन्होंने कहा कि केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं बल्कि सीखे हुए ज्ञान को समाज हित में लगाना जरूरी हैं

................

समारोह में राज्यपाल ने विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं और मेधावी छात्र–छात्राओं को पदक देकर सम्मानित कियां इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने युवाओं से सीखने की प्रक्रिया जीवनभर जारी रखने का आह्वान कियां

000

राज्य के दक्षिणी और पूर्वी भागों में कल भारी और कहीं–कहीं बहुत भारी बारिश की संभावना हैं मौसम विभाग ने 31 जुलाई को उदयपुर, भरतपुर, जयपुर, अजमेर, बीकानेर और कोटा संभाग में कहीं–कहीं अत्यधिक वर्षा का अनुमान लगाया हैं मौसम विभाग ने बरसात की चेतावनी जारी करते हुए लोगों से नदियों के बहाव क्षेत्र के आस–पास नहीं जाने की अपील की हैं प्रशासन की ओर से क्षेत्र में रह रहे लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई हैं जिलों में भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किये गये हैं इस बीच, आज भी कई स्थानों पर हल्की से तेज बारिश का सिलसिला बना हुआ हैं भरतपुर में बीती रात से ही रुक–रुक कर बरसात का दौर चल रहा हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि बीते दिनों हुई भारी बारिश के बाद कई गांवों का मुख्य मार्गों से सम्पर्क कट गया हैं

................

मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान में कई स्थानों पर मूसलाधार बारिश के समाचार हैं सबसे ज्यादा करीब 13 सेंटीमीटर राजधानी जयपुर में बरसां वहीं बारां के अटरू में 11 सेंटीमीटर बरसात दर्ज हुईं लालसोट, बकानी, बिजौलिया, बहरोड़ में भी 5 से 9 सेंटीमीटर के बीच बरसात हुईं अलवर, टोंक, भरतपुर, चित्तौडगढ, अजमेर, सिरोही, झालावाड, करौली, सवाईमाधोपुर में हल्की से मध्यम तथा पश्चिमी राजस्थान में भी कहीं–कहीं हल्की बरसात हुईं लगातार हो रही बारिश से जल स्त्रोतों में पानी की आवक बढ़ रही हैं चम्बल नदी का जलस्तर चेतावनी के निशान को पार कर गया हैं

000

आज अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस हैं दुनियाभर में बाघों के प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा और उनके संरक्षण के लिए ये दिन मनाया जाता हैं इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि आज देश में 58 बाघ अभ्यारण्य हैं इनके माध्यम से बाघों की विभिन्न प्रजातियों का संरक्षण किया जा रहा हैं केन्द्रीय मंत्री ने बाघों के संरक्षण में भारत की उल्लेखनीय सफलता का सोशल मीडिया पर जिक्र कियां बाघ संरक्षण में राजस्थान का स्थान भी महत्वपूर्ण हैं एक रिपोर्ट –

................

000

कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने आज चित्तौड़गढ़ के मेवाड़ विश्वविद्यालय का औचक निरीक्षण कियां कृषि संकाय के डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में गड़बड़ियों को लेकर मिली शिकायत के बाद कृषि मंत्री ने यहां का जायज़ा लिया और विद्यार्थियों से बातचीत कीं मीडिया से बातचीत में कृषि मंत्री ने कहा कि शिकायतों की उचित जांच करवाई जाएगीं युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले संस्थानों पर सख्त कार्रवाई की जाएगीं

000